न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नैनवां जिला बून्दी (राज0)

पीठासीन अधिकारी :– प्रीति मीना

प्रार्थना पत्र संख्या:– 7 / प्रा0पत्र / 2025 (GCMS NO.2025 / 24) **दायरा दिनांक :– 03.02.2025**

1.राजस्थान स्टैट औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि0(रीको लि0) जर्ये क्षेत्रीय प्रंबधक रीको, बून्दी(राज0)

प्रार्थी

बनाम

2. राज0 सरकार द्वारा तहसीलदार साहब तहसील नैनवां, जिला–बून्दी।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र :– राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956
की धारा 131 के तहत वास्ते तरमीम दुरस्ती।

प्रार्थी की ओर से :– श्री राजेश कुमार
अप्रार्थी की ओर से:– पेरोकार सरकार

निर्णय दिनांक :– 12.02.2025

निर्णय

प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि तहसीलदार नैनवां द्वारा पत्रांक भू0अ0 / 25 / 448 दिनांक 31.01.2025 प्रेषित कर रीको की भूमि की तरमीम शुद्ध किये जाने बाबत् लिखा गया है। यह कि ग्राम नैनवां द्वितीय के खसरा नम्बर 6231 / 2596 एवं 6232 / 2596 की तरमीम शुद्ध किये जाने के सम्बन्ध में भू0अ0नि0 नैनवां एवं पटवारी हल्का नैनवां द्वितीय द्वारा रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसके अनुसार ग्राम नैनवां द्वितीय के आराजी खसरा संख्या 6232 / 2596 जमाबन्दी संवत् 2076–79 राजस्व रिकार्ड में सिवायचक दर्ज है। तथा खसरा नम्बर 3261 / 2596 जमाबन्दी संवत् 2076–79 खाता संख्या 1 में औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि0(रीको लिमिटेड) के नाम लीज पर दर्ज रिकार्ड है।

रीको के सहमति पत्र के आधार पर वर्तमान में दर्ज रीको के खसरा नम्बर 6231 / 2596 रकबा 3.2360 हेक्टेयर की तरमीम में से लगभग 1.7096 हैक्टेयर की भूमि को वर्तमान में दर्ज तरमीम के (दिये गए नजरी नक्शा अनुसार) दक्षिणी पूर्व दिशा में एवं उसके स्थान पर सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 6232 / 2596 रकबा 5.3556 हैक्टेयर में से 1.7096 हैक्टेयर भूमि की तरमीम दिये गए नजरी नक्शा अनुसार उत्तर पूर्व दिशा में तरमीम शुद्ध किया जाना उचित होगा। तहसीलदार नैनवां ने भू0अ0नि0 नैनवां एवं पटवारी हल्का नैनवां द्वितीय की रिपोर्ट के अनुसार रीको की भूमि की तरमीम शुद्धी मय अनुंशषा के रिपोर्ट प्रेषित की है।

तरमीम शुद्ध किये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 एलआर एक्ट दर्ज किया गया। तरमीम शुद्ध किये जाने के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक रिको बून्दी के सहमति पत्र के अनुसार रीको के खसरा सख्या 6231 / 2596 रकबा 3.2360 हैक्टेयर की तरमीम में से लगभग 1.7096 हैक्टेयर भूमि को वर्तमान में दर्ज तरमीम के दक्षिणी पूर्व दिशा में एवं उसके स्थान पर सिवायचक भूमि खसरा संख्या 6232 / 2596 रकबा 5.3556 हैक्टेयर मे से 1.7096 भूमि की तरमीम उत्तर पूर्व दिशा में तरमीम शुद्ध करने में कोई आपत्ति नहीं है।

हमने प्रकरण में प्रस्तुत रिकार्ड, दस्तावेज, नजरी नक्शा, जमाबंदी, रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां आदि का अवलोकन किया। क्षेत्रीय प्रबन्धक रिको बून्दी द्वारा उक्त तरमीम को शुद्ध किये जाने में सहमति व्यक्त की गई है। अतः तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट के अनुसार तरमीम शुद्ध करने का आदेश प्रदान किया जाना धारा 131 एल0आर0 एक्ट के तहत न्यायोचित प्रतीत होता है।

–: क्रियात्मक आदेश :–

ग्राम नैनवां द्वितीय के रीको के खसरा नम्बर 6231 / 2596 रकबा 3.2360 हेक्टेयर की तरमीम में से 1.7096 हैक्टेयर की भूमि को वर्तमान में दर्ज तरमीम के दक्षिणी पूर्व दिशा में एवं उसके स्थान पर सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 6232 / 2596 रकबा 5.3556 हैक्टेयर में से 1.7096 हैक्टेयर भूमि की तरमीम दिये गए नजरी नक्शा अनुसार उत्तर पूर्व दिशा में तरमीम मुताबिक प्रस्तावित नजरी नक्शा, जिसे परिशिष्ट ''क'' नाम दिया गया है, के अनुसार शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार नैनवां को तहरीर जारी की जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक :–12.02.2025 को सरे इजलास खुलेआम सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)
[redacted]

सेवा मे,

श्रीमान तहसीलदार साहब,
नैनवॉ।

LR
31.01.25

विषयः– रीको की भूमि की तरमीम शुद्व करने बाबत्।

प्रसंगः– श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय, नैनवॉ/राजस्व/669 दिनांक 29.11.2024 एवं श्रीमान के पत्रांक/5106/LR/24 दिनांक 04.12.2024 के संदर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ मे निवेदन है कि ग्राम नैनवॉ द्वितीय के आराजी खसरा नम्बर 6232/2596 जमाबन्दी संवत् 2076–79 राजस्व रिकॉर्ड मे सिवायचक दर्ज है तथा खसरा नम्बर 3261/2596 जमाबन्दी संवत् 2076–79 खाता संख्या 1 मे औद्योगिक विकास व विनियोजन निगम लि0 (रीको लिमिटेड) के नाम लीज पर दर्ज रिकॉर्ड है।

रीको के सहमति पत्र के आधार पर वर्तमान मे दर्ज रीको के खसरा नम्बर 6231/2596 रकबा 3.2360 हैक्टयर की तरमीम मे से लगभग 1.7096 हैक्टयर की भूमि को वर्तमान मे दर्ज तरमीम के (नीचे दिये गए नजरी नक्शा अनुसार) दक्षिणी पूर्व दिशा मे एवं उसके स्थान पर सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 6232/2596 रकबा 5.3556 हैक्टयर मे से 1.7096 हैक्टयर भूमि की तरमीम (नीचे दिये गए नजरी नक्शा अनुसार) उत्तर पूर्व दिशा मे तरमीम शुद्व किया जाना उचित होगा।

संलग्नः–

1. रीको का सहमति पत्र ।
2. श्रीमान क्षेत्रिय प्रबंधक महोदय, रीको के पत्र दिनांक 12.11.2024 की प्रति।

परिशिष्ट-"क"



उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

रिपोर्ट श्रीमान की सेवा में सादर पेश है

31/01/2025
पटवारी नैनवां-II

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

FLR नैनवां